भारत सरकार
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान के उपमहानिदेशक का कार्यालय
प्रादेशिक मौसम केंद्र, नागपुर
डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय विमानतल नागपुर-440005
टेलीफोन-0712-2282398, मो. 9834629419
ई-मेल-isunit.213@gmail.com

मिसिल क्र.- RU-04(F)

दि.-08/02/2024

विषय :- लघु मॉडल (Miniature Scaled Model) के लिये निविदाऐं भेजने बाबत ।

प्रा.मौ.केंद्र नागपुर के सतही वेधशाला, रडार तकनीकी, स्वचालित मौसम स्टेशन, मौसम उपग्रह, मेट पार्क(एअरपोर्ट वेधशाला) के लघु मॉडल (Miniature Scaled Model) बनाने हेतु कार्य के लिये निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के तहत मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जा रही है ।

आपकी निविदाऐं मुहरबंद लिफाफे में 'उपमहानिदेशक कार्यालय प्रादेशिक मौसम केंद्र, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय विमानतल नागपुर-440005' पते पर इस कार्यालय को दि.15/02/2024 तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिये, इसके बाद प्राप्त हुई निविदाऐं निरस्त मानी जाएगी ।

मुहरबंद निविदाओं के लिफाफों पर "प्रा. मौ. के. नागपुर, लघु मॉडल (Miniature Scaled Model) बनाने के कार्य हेतु" ये लिखा होना अनिवार्य होगा ।कार्यालयीन समयावधि सोमवार से शुक्रवार सुबह 09.30 से शाम 06.00 तक है।

निम्नलिखित कार्य :-

1. प्रा. मौ. के. नागपुर में अवस्थित सतही वेधशाला (with fencing) का कम से कम 36 इंच x 24 इंच का लघु मॉडल (Miniature Scaled Model) बनाना है. साथ ही वेधशाला में लगे सभी उपकरणों (Single & double स्टीवेंसन स्क्रीन, SRRG, OPE, ORG, Wind vane, Anemometer, Sunshine recorder, etc) को लघु रूप में सही आकार एवं पैमाने से बनाकर उचित स्थान पर मॉडल में लगाने का कार्य करना है.
2. डॉप्लर वेदर रडार का आंतरिक ढांचा (Rotating Antenna) एवं बाहरी गोल आवरण को लघु रूप में सही आकार एवं पैमाने से बनाना है. यह लघु मॉडल कम से कम 18 इंच x 18 इंच का होना चाहिए.
3. स्वचालित मौसम स्टेशन (Automatic Weather Station with Tipping Bucket Rain Gauge) एवं उसमे लगे सभी उपकरणों(ultrasonic wind sensor, Solar panel, Battery case, Data logger case, Temperature sensor, etc) सहित लघु रूप में सही आकार एवं पैमाने से बनाना है. यह लघु मॉडल कम से कम 15 इंच x 15 इंच का होना चाहिए.
4. मौसम उपग्रह (INSAT-3D Satellite) का ग्लोब के साथ का लघु मॉडल (Miniature Scaled Model) बनाना है. यह लघु मॉडल कम से कम 24 इंच x 24 इंच का होना चाहिए.
5. मेट पार्क(एअरपोर्ट वेधशाला) एवं उसमे लगे सभी उपकरणों सहित लघु रूप में सही आकार एवं पैमाने से बनाना है. यह लघु मॉडल कम से कम 36 इंच x 24 इंच का होना चाहिए.

उपरोक्त सभी मॉडलो का आकार, बनावट, ढाँचा समझने के लिए निविदा देने वाले, निविदा देने से पूर्व प्रा. मौ. के. नागपुर में आकर उपरोक्त स्थानों को भौतिक रूप से देख सकते है|

Sreekanth
08/02/2024

(डॉ. श्रीकांत टी. एस.)
वैज्ञानिक-डी
कृते कार्यालय प्रमुख
प्रादेशिक मौसम केंद्र,नागपुर

नियम एवं शर्ते

1. फर्म / कंपनी को सिविल/ बिल्डिंग कार्य करने का दो से तीन वर्षो का कम से कम अनुभव होना चाहिए।
2. निविदाएं में दर्शाये गए दर (Rate) कम से कम 180 दिनों के लिए वैध रहेंगे।
3. कार्यालय द्वारा कोई कार्टिंग शुल्क का भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. कार्य आदेश जारी होने के 20 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कराना होगा।
5. डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर , किसी भी या सभी निविदाएं को बिना कोई कारण बताएं स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैं।
6. किसी भी विवाद के मामले में डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर का निर्णय अंतिम और सभी के लिए बाध्यकारी होगा , मध्यस्थता का अधिकार नागपुर क्षेत्र में रहेगा।
7. डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर ही मध्यस्थ को नियुक्त करेगा।
8. प्रमाणित कार्य , सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कार्य पूर्ण होने की पुष्टि होने के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा।
9. किसी भी स्थिति में मूल्य भिन्नता स्वीकार नहीं की जायेगी।

08/02/2024

(डॉ. श्रीकांत टी. एस.)
वैज्ञानिक-डी
कृते कार्यालय प्रमुख
प्रादेशिक मौसम केंद्र,नागपुर